दिनांक 04.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

नवीनीकृत बीपीएल राशन कार्ड का वितरण कार्य है जारी , महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू एवं साकेत चंद्राकर ने राशन कार्ड का किया वितरण

भिलाईनगर/ बीपीएल राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए निगम के विभिन्न वार्डो में शिविर लगाकर आवेदन फार्म लिया गया था!जिसका पीडीएफ तैयार करने का कार्य निगम द्वारा पूर्ण करने के पश्चात बीपीएल राशनकार्ड का वितरण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। बीपीएल राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए कुल 80368 आवेदन सत्यापित किया गया है। आवेदक द्वारा जिस वार्ड में नवीनीकरण हेतु आवेदन जमा किया गया है उसी वार्ड के शिविर स्थलों में बीपीएल के नवीनीकृत राशनकार्ड का वितरण किया जा रहा है। उपायुक्त टी.पी. लहरे ने बीपीएल राशनकार्ड हितग्राहियों से अपील की है कि वह अपने वार्ड के शिविर स्थल में जाकर अपना नवीनीकृत राशनकार्ड प्राप्त कर सकते है। नवीनीकृत राशनकार्ड प्राप्त करने के लिए पुराने राशनकार्ड एवं हितग्राही के स्वयं का दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। पुराने राशनकार्ड को जमा करने उपरांत नवीनीकृत राशनकार्ड प्रदान किया जाएगा। महापौर परिषद के सदस्य व खाद्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने सेक्टर- 7 वार्ड क्रं. 66 में बीपीएल राशनकार्ड के हितग्राहियों को तथा महापौर परिषद के सदस्य एवं उद्यानिकी प्रभारी साकेत चंद्राकर ने वार्ड 57 के बीपीएल राशनकार्ड के हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरित किया। इस मौके पर उपअभियंता श्वेता महेश्वर , अनिल मेश्राम एवं हमीद खान

जनसंपर्क अधिकारी